प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 04.06.2024** **समय : 07.10 पीएम**

**मुख्य समाचार :–**

- 18 वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित, भाजपा गठबंधन को 294 सीटों पर बढ़त, कांग्रेस गठबंधन 231 सीटों पर आगे।
- प्रदेश में नहीं खुला कांग्रेस का खाता, छिन्दवाड़ा और राजगढ़ सहित सभी 29 सीटों पर भाजपा का कब्जा।
- प्रदेष में कल से नदी और तालाबों के संरक्षण के लिए षुरू होगा नमामी गंगे अभियान।
- मौसम ने ली करवट, भोपाल सहित कई शहरों में हुई झमाझम बारिष।

......................................................

## लोकसभा परिणाम

18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए आज वोटों की गिनती जारी है।लोकसभा की पांच सौ 43 सीटों में से एन डी ए ने अब तक एक सीट जीती है और 294 सीट पर आगे है। आई एन डी आई गठबंधन 231 पर आगे है। अन्य दल 18 सीटों पर आगे चल रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी 242 सीटों पर जबकि कांग्रेस 99 सीट पर जीत रही है। सबसे ज्यादा चौकाने वाले परिणाम उत्तरप्रदेश से आ रहे हैं। यहां की 80 में से 38 सीटों पर समाजवादी पार्टी और 32 सीटों पर भाजपा को जीत मिल रही है। यहां 6 सीटे कांग्रेस के पास जाती दिख रही है। राजस्थान में भाजपा 14 सीटों पर और कांग्रेस 8 सीटों पर आगे हैं। महाराष्ट्र में 18 सीटों एनडीए और 29 सीटें मिल रही है। बिहार में एनडीए 30 और इंडी गठबंधन 9 सीटें मिल रही है। वहीं कर्नाटक में भाजपा 17 और कांग्रेस को 09 सीटें मिलती दिख रही है। दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा आगे हैं। हिमाचल की चार और उत्तराखंड की पांच सीटों पर बीजेपी आगे हैं। ओडिषा में भी बीजेपी 19 सीटों पर आगे है जबकि सत्तारूढ़ बीजेडी केवल एक सीट पर आगे चल रही है। परिष्चम बंगाल में टीएमसी 30 और भाजपा 11 सीटें मिल रही हैं। छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से 10 पर भाजपा और एक पर कांग्रेस आगे है। गुजरात की 26 में से एक सीट भाजपा पहले ही जीत चुकी है। शेष 25 में से भाजपा 24 पर और कांग्रेस को एक सीट मिल रही है। हरियाणा की 10 में से 5 भाजपा और 5 इंडी गठबंधन के पास जाती दिख रही है।

## प्रदेश चुनाव परिणाम

प्रदेष की सभी 29 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 16 सीटें जीत ली है और 13 सीटों पर आगे चल रही है। गुना से ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 5 लाख 40 हजार 929 वोटों से जीत दर्ज की। वहीं टीकमगढ़ से डॉ. वीरेंद्र कुमार 4 लाख 03 हजार 312, दमोह से राहुल सिंह लोधी ने 4 लाख 06 हजार 426, सतना से गणेश सिंह ने 84 हजार 949, मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते ने 1 लाख 03 हजार 846, धार से सावित्री ठाकुर ने 2 लाख 18 हजार 665 और इंदौर से शंकर लालवानी ने 11 लाख 75 हजार 92 मतों से और विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो से जीत दर्ज की। सागर से डॉ. लता वानखेड़े 4 जाख 71 हजार वोटों से विजयी रही। रीवा से जनार्दन मिश्रा 1 लाख 93 हजार वोटों से जीत गये हैं। जबलपुर से आशीष दुबे 4 लाख 86 हजार मतों से जीत गये हैं। मंडला से फग्गनसिंह कुलस्ते 1 लाख 3 हजार वोटों से जीत गये हैं। बालाघाट से भारती पारधी 1 लाख 74 हजार मतों से जीत गई हैं। छिंदवाड़ा से बंटी विवेक साहू ने वर्तमान सांसद कांग्रेस के नकुलनाथ को 1लाख 13 हजार से अधिक वोटों से हरा दिया है। देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी 4 लाख 25 हजार वोटों से जीते है। बैतूल से दुर्गादास उइके ने 3 लाख 79 हजार 761 वोटों से जीत दर्ज की है। रतलाम से अनीता नागरसिंह चौहान ने 2 लाख 06 हजार वोटों से जीत दर्ज की है।

## नमामि गंगे अभियान

प्रदेष में "नमामि गंगे अभियान" कल विश्व पर्यावरण दिवस से षुरु हो रहा है। जो 16 जून तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संरक्षण–संवर्धन के इस विशेष अभियान में बढ़–चढ़कर सहभागिता करने का आव्हान किया है। प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में यह अभियान चलेगा। इसमें प्रमुख नदियों एवं जल स्त्रोतों के निकट धार्मिक स्थानों, तीर्थ स्थलों, मेले एवं पुरातात्विक सम्पदाओं पर वृहद साफ–सफाई, सजावट तथा

लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भजनों से लोक रुचि के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जन–जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र–छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ–साथ जल संरचनाओं की साफ–सफाई भी होगी। 15 और 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह आयोजित किये जायेंगें।

## मुफ्त बिजली योजना

राज्य शासन ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित इस समिति में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, ऊर्जा,वित्त, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पावर मेनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, को सदस्य बनाया गया हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय, सभी सरकारी भवनों को रूफटॉप सोलर से संतृप्त करने की कार्ययोजना तैयार करना है।

## मौसम

प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है। तेज गर्मी और लू से अब राहत मिलने वाली है। अगले 3 दिन यानी 6 जून तक लू का असर नहीं रहेगा। आज राजधानी भोपाल और जबलपुर समेत कई जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश होने से मौसम खुषनुमा हो गया। वहीं, प्रदेश में नौतपा खत्म होते ही बारिश का दौर शुरू हो गया। कल इंदौर, भोपाल, धार, बैतूल समेत कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि केरल में एक दिन पहले दस्तक देने के बाद मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके प्रदेश में समय पर पहुंचने की संभावना है। वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से आंधी, बारिश का दौर बन रहा है। यह अगले कुछ दिन तक जारी रहेगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- इंदौर में अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जून है।
- रायसेन में बाघ के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने पन्ना रिजर्व से दो और कान्हा रिजर्व से तीन हाथियों सहित वन विहार की टीमें बाघ का रेस्क्यू करने के लिये बुलाई गई हैं। पांच हाथियों के सहयोग से करीब 60 से ज्यादा कर्मचारी बाघ के मूवमेंट पर नजर रखे हुए हैं।
- प्रदेश सहित रीवा जिले मे भी जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये 5 जून से 16 जून तक विशेष नमामि गंगे – सदानीरा अभियान चलाया जायेगा।
- निवाड़ी जिले के ओरछा में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर राय सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के निर्देश दिए गए है।

..........................